बिहार विधान सभा सचिवालय

आवश्यक सूचना

षोडश बिहार विधान सभा का द्वादश-सत्र सोमवार दिनांक- 11 फरवरी, 2019 को 11.00 बजे पूर्वा० में बिहार विधान सभा वेश्म में प्रारम्भ होगा । इसके उपरान्त महामहिम राज्यपाल का अभिभाषण बिहार विधान मंडल के विस्तारित भवन के **सेन्ट्रल हॉल** में 11.30 बजे पूर्वा० में प्रारम्भ होगा ।

सत्र के दौरान प्रत्येक दिन के प्रश्नकाल सहित सदन की अन्य महत्वपूर्ण कार्यवाहियों का सीधा प्रसारण आकाशवाणी, केंद्र, पटना से किया जायेगा । साथ ही इसका सीधा वेबकास्टिंग भी http://webcast.gov.in/biharvs तथा www.vidhansabha.bih.nic.in पर देखा जा सकता है । डीडी बिहार चैनल, दूरदर्शन केन्द्र, पटना से सदन की अन्य महत्वपूर्ण कार्यावाहियों का प्रसारण किया जायेगा ।

सत्र के दौरान बिहार विधान मंडल परिसर में बाहरी व्यक्तियों एवं अनधिकृत वाहनों का प्रवेश अवांछनीय तथा निषिद्ध है । लिखित अनुमति अथवा प्रवेश-पत्र प्राप्त किये बिना कोई भी बाहरी व्यक्ति बिहार विधान मंडल की परिसीमा में प्रवेश नहीं कर सकेंगे । सुरक्षा कारणों से बिहार विधान मंडल के पूर्वी मुख्य द्वार (गेट नं०-9 एवं 10) ही प्रवेश के लिए खुले रहेंगे ।

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव
बिहार विधान सभा, पटना ।